फारम सं0-563

क्रम टिप्पणी ख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
	2	3

अभिलेख उपस्थापित।

श्रीमती लीलावती देवी पति सुरेन्द्र राम पिता स्व0 मेघवा भुइंया, निवास स्थान ग्राम-मण्डईखुर्द, थाना-सदर, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-मण्डईखुर्द, थाना नं0-163, खाता संख्या-83, प्लॉट संख्या-3372, रकवा-0.03 एकड़ (तीन डिसमिल) भूमि श्रीमती काजल देवी पति रामचन्द्र कुमार पिता राजेन्द्र रविदास, निवास स्थान ग्राम-वृन्दा, पोस्ट-रामपुर, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदिका एवं प्रस्तावित क्रेता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, केवाला की छायाप्रति एवं अन्य कागजात संलग्न करते हुए ऑनलाईन आवेदन Acknowledgement No.-RCMSON21006792/1841 समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-108/2021 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 2237/रा0 दिनांक 09.11.2021 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 1146 दिनांक 23.07.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि -

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं जिला हजारीबाग के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत भिखन गोप वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 0.0908 एकड़ है। पंजी-।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 0.0905 एकड़ है। पंजी-।। के पृष्ठ संख्या-7/IX पर आवेदिका लीलावती देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है। वर्ष 2022-23 तक लगान रसीद निर्गत् है। जमाबंदी रैयत आवेदिका स्वयं हैं। आवेदिका द्वारा धारित कुल रकवा 0.0905 एकड़ भूमि है। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् आवेदिका के पास रकवा 0.0605 एकड़ भूमि बचेगी। आवेदिका को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर कार्रवाई के टिप्पणी तारीख
1	2	3

क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदिका के दखल कब्जा में है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को नारंगी रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में श्रीमती लीलावती देवी पति सुरेन्द्र राम पिता स्व0 मेघवा भुइंया, निवास स्थान ग्राम–मण्डईखुर्द, थाना–सदर, जिला–हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–सदर हजारीबाग, मौजा–मण्डईखुर्द, थाना नं0–163, खाता संख्या–83, प्लॉट संख्या–3372, रकवा–0.03 एकड़ (तीन डिसमिल) भूमि श्रीमती काजल देवी पति रामचन्द्र कुमार पिता राजेन्द्र रविदास, निवास स्थान ग्राम–वृन्दा, पोस्ट–रामपुर, थाना–चौपारण, जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2022.10.26 12:44:08 +05:30
Location: 192.168.100.2